04.05.2025

प्रेस विज्ञप्ति

स्वास्थ्य एवं जीवनशैली समिति द्वारा डॉ. अम्बरीश मित्थल के व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 4 मई 2025 को शाम 5:00 बजे मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश की Health & Lifestyle Committee के तत्वावधान में एक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. अम्बरीश मित्थल ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की।

कार्यक्रम का संचालक चैंबर के सचिव महेंद्र मोदी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसमें मंच पर डॉ. अम्बरीश मित्थल, डॉ. ए.एस. प्रसाद, डॉ. अवध दुबे, श्री मुकुल टंडन, और डॉ. उमेश पालीवाल उपस्थित थे।

स्वागत भाषण डॉ. अवध दुबे ने दिया, जिसके उपरांत डॉ. ए.एस. प्रसाद ने डॉ. मित्थल का परिचय कराया।

डॉ. मित्थल द्वारा दिए गए व्याख्यान में आधुनिक जीवनशैली, मधुमेह, मोटापा और हॉर्मोन से संबंधित स्वास्थ्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. मित्थल ने "मानव शरीर में हार्मोनों की भूमिका और उनका संतुलन बनाए रखने की नवीनतम विधियाँ" विषय पर व्याख्यान दिया । उन्होंने हार्मोनल असंतुलन को नियंत्रित करने के आधुनिक उपायों के साथ-साथ डायबिटीज़ के उपचार में हाल ही में विकसित वजन घटाने वाली दवाओं की भूमिका, उपयोग विधि एवं आवश्यक सावधानियों पर भी प्रकाश डाला ।

कार्यक्रम के दौरान एक संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया | चैम्बर के विशेषज्ञ डॉक्टर्स डॉ. ए एस प्रसाद, डॉ. अवध दुबे, डॉ.अतुल कपूर एवं डॉ. उमेश पालीवाल ने इस सत्र का सञ्चालन किया | इस सत्र में उपस्थित जनसमूह ने स्वास्थ्य संबंधी अनेक महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विशेषज्ञों से संवाद किया। यह सत्र विषय को और गहराई से समझने में सहायक साबित हुआ।

अंत में डॉ. उमेश पालीवाल ने सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

सत्र के दौरान डॉ. आई एम रोहतगी, अनिल अग्रवाल, स्वतंत्र सिंह, सुशील शर्मा, गुलशन धूपर, राजीव मेहरोत्रा, उमेश पांडेय, डॉ. गौरव दुबे एवं अन्य चैम्बर के सदस्य उपस्थित रहे |